**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**
**(सं. 2013/458)**

**जन सम्पर्क कार्यालय,**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।**
दिनांक : 16.12.2013

## <u>जयपुर–हावडा–जयपुर (01 ट्रिप) स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन</u>
## <u>(वाया भरतपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद एवं गया चलेगी)</u>

रेलवे प्रशासन द्वारा लंबी प्रतीक्षा सूचि को देखते हुये यात्रियों की सुविधा हेतु जयपुर–हावडा–जयपुर (01 ट्रिप) स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 09703, जयपुर–हावडा स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **<u>दिनांक 23.12.13 सोमवार को</u>** (01 ट्रिप) जयपुर से 21.45 बजे रवाना होकर दिनांक 25.12.13 बुधवार को 03.45 बजे हावडा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09704, हावडा–जयपुर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **<u>दिनांक 25.12.13 बुधवार को</u>** (01 ट्रिप) हावडा से 20.15 बजे रवाना होकर दिनांक 26.12.13 गुरूवार को 23.10 बजे जयपुर पहुंचेगी।

यह गाडी दोनो दिशाओं में गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, ईटावा, कानपुर सेन्ट्रल, फतेहपुर, इलाहाबाद, मिर्जापूर, मुगलसराय, डेहरी ऑन सोने, गया, कोडरमा, धनबाद एवं आसनसोल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस गाडी में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 13 द्वितीय शयनयान श्रेणी, 04 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड के डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बें होगें।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**